दिनांक : 08.06.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
**सांध्यकालीन समाचार**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत को विकसित बनाने में स्त्री शक्ति की होगी परिवर्तनकारी भूमिका।
- मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेश में भाजपा का संकल्प से सिद्धि अभियान कल से।
- मध्य प्रदेश सहित देश के कई प्रदेशों में गरीबी कम करने में मिली उल्लेखनीय सफलता।
- सूर्य मित्र कृषि फीड योजना समिट भोपाल में 10 जून को।

**प्रधानमंत्री–नारीशक्ति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल– हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

**संकल्प से सिद्धि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में कल से 16 जून तक ''संकल्प से सिद्धी'' अभियान चलाएगी। इस दौरान विकसित भारत का अमृतकाल के अंतर्गत सेवा, सुशासन के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में कल रतलाम जिला भाजपा की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में 9 से 12 जून जिला स्तर पर प्रोफेशनल समिट का आयोजन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 12 व 13 जून को मंडल स्तर पर संकल्प सभाओं का आयोजन होगा, जिसमें अलग–अलग वक्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता के बीच रखेंगे। इसी प्रकार 15–16 जून को शक्ति केन्द्रों पर मोहल्ला चौपाल व ग्राम चौपाल का आयोजन होगा, इनमें विकसित भारत के अमृतकाल की ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन भाजपा नेतागण जन–जन के बीच रखकर संकल्प पत्रक एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करेंगे।

**मिशन कर्मयोगी–क्षमता निर्माण नीति**

प्रदेश में राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी की अवधारणा और कार्य–प्रणाली को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने क्षमता निर्माण नीति तैयार की है। इस नीति में प्रत्येक विभाग के बजट में मिशन कर्मयोगी के लिये बजट का एक प्रतिशत आरक्षित किया गया है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिये आवश्यक संसाधन सुनिश्चित हो रहे हैं। यह व्यवस्था संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास में भी लागू की गयी है। मिशन कर्मयोगी डिजिटल पोर्टल पर अब तक 43 हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को पंजीकृत किया जा चुका है।

**विशेष फीचर– नारी शक्ति के 11 वर्ष**

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों पर अमल के कारण देश में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार, पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज प्रस्तुत है सामाजिक परिवर्तन और समावेश की यात्रा में नारी–शक्ति की भूमिका पर केन्द्रित विशेष रिपोर्ट ...

**विश्व बैंक–गरीबी दर**

भारत में बेहद गरीबी की हालत में रहने वालो की संख्या कम करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है। 2011–12 से 2022–23 के बीच 26 करोड़ 90 लाख लोगों को बेहद गरीबी की हालत से बाहर निकाला गया। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार गरीबी के ये दर जहां 2011–12 में 27 दशमलव एक प्रतिशत थी वहीं, यह 2022–23 में घटकर पांच दशमलव तीन प्रतिशत रह गई। इस दिशा में विशेष प्रगति उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज की गई। एनडीए सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में लागू की गई पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत योजना की मदद से गरीबी की दर घटाने में यह बड़ी सफलता मिली है। 2011–12 में बेहद गरीबी की हालत में रहने वाले कुल लोगों में से 65 प्रतिशत इन राज्यों में थे।

**सूर्य मित्र योजना**

सूर्य मित्र कृषि फीड योजना समिट दस जून को भोपाल में आयोजित की जाएगी। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने भोपाल में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस दौरान निवेशकों को सौर संयंत्र निविदाओं की पूरी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय संस्थानों व इन्वर्टर कंपनियों के साथ चर्चा का विशेष अवसर होगा। पेश है सूर्य मित्र कृषि फीड योजना समिट के संबंध में एक रिपोर्ट –

**सोयाबीन सम्मेलन**

सीहोर जिले की सिरादी ग्राम पंचायत में सोया किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आगामी खरीफ मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सार्थक सत्रों और संवादों की श्रृंखला चलाई गई। किसानों को मिट्‌टी के स्वास्थ्य में सुधार, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और रासायनिक आदानों पर निर्भरता कम करने के बारे में जागरूक किया गया। सम्मेलन में 600 से अधिक सोयाबीन किसान, कृषि विभाग, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्‌यालय के प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ और खाद्‌य तेल मूल्य श्रृंखला के हितधारक भी उपस्थित थे।

**कृषि अभियान**

प्रदेश में विकसित कृषि अभियान के तहत गतिविधियां जारी हैं। वैज्ञानिकों द्वारा गांवों में जाकर किसानों से परस्पर संवाद कर मूंगफली, सोयाबीन, धान, मक्का, उड़द, तिली आदि फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की समझाइश दी जा रही है। वहीं कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, फसल बीमा आदि विभागों द्वारा किसानों को केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कृषि वैज्ञानिक मोबाइल लैब लेकर सीधे किसानों के खेतों में पहुंचकर मिट्टी परीक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा नवाचार का लाभ दे रहे हैं।

**हॉकी**

एफ.आई.एच. प्रो. लीग हॉकी टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला कल शाम नीदरलैंड्स से होगा। बुधवार को भारत और अर्जेंटीना आमने–सामने होंगे। यह मैच शाम साढ़े छह बजे से खेला जाएगा।

भारतीय महिला टीम 14 जून से अपना अभियान शुरू करेगी। लंदन में भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय पुरुष टीम वर्तमान में चौथे स्थान पर और महिला टीम छठे स्थान पर है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- नीमच में अतिक्रमण हटाने के विशेष अभियान के तहत कल ग्राम सगराना में 2 करोड़ रूपये मूल्य की 3 बीघा शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।
- शहडोल जिले में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत अब तक 630 छात्रों का प्रवेश सत्यापन हो चुका है। जिले के 228 निजी स्कूलों के एक हजार सीट में से 898 सीट आवंटित की जा चुकी है।
- सीहोर जिला जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण एवं डगवेल रिचार्ज में प्रदेश स्तरीय सूची में 16वें स्थान पर आ गया है। पहले जारी सूची में यह 50वें स्थान पर था।
- धार जिले के 13 विकास खण्डों में परियोजना कार्यालय को ''स्थाई आधार पंजीयन'' के रूप में अधिकृत किया गया है। इन आधार केन्द्रों के लिए ऑपरेटरों के पदों पर पात्र उम्मीदवारों से 10 जून तक आवेदन बुलाए गए हैं।
- मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार गुना में आज दिन का अधिकतम तापमान 43.6 सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सर्वाधिक था। खजुराहो में बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

———————————